# स्वास्तिक न्यूज

SWASTIK NEWS

मुख्य संपादक: विनय दिवान (मो. 94160-73460) संपादक: अभिषेक दिवान (मो. 74047-09000)

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | बुधवार 18 सितंबर, 2024 | वर्ष :03 | अंक :10 प्रति शुल्क: 02/- | RNI No. HARHIN/2021/87376

https://swastiknewsharyana.in/ | //facebook.com/swastiknews | YouTube SWASTIKNEWS


## यह मेरा आखिरी चुनाव है, यह मेरा नहीं, बल्कि सफीदों हल्के के मान व सम्मान का चुनाव है : बचन सिंह आर्य

## बचन सिंह आर्य का बड़ा दावा: माहौल 2005 वाला, 8 अक्टूबर को सफीदों की जनता लिखेगी फिर से इतिहास



पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य के कार्यालय उद्घाटन हुए निकालते हुए सफीदो विधानसभा के हजारों लोग।

# ट्रक का चुनाव चिन्ह आने वाली 8 अक्टूबर को सफीदों में दोहराएगा 2005 वाला कारनामा : बचन सिंह आर्य



पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य का चुनाब चिन्ह दिखाते हुए लोग व मिलने के लिए उतावले हुए विधान सभा के हजारों लोग।



पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य के कार्यालय उद्घाटन पर उमड़ा जन सैलाब।

स्वास्तिक न्यूज / अभिषेक दिवान

**सफीदों:** हरियाणा में अबकी बार सफीदों विधानसभा सीट सबसे हॉट सीट बनी हुई है। सभी पार्टियों के नेताओ ने सफीदों सीट के लिए जी जान लगा रखी है। माहौल को अपने पक्ष में करने के लिए आज निर्दलीय उम्मीदवार पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने अपना ट्रक के निशान का चुनाव चिन्ह मिलने के बाद हाट रोड के पास स्थित सिटी पार्क में अपने कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय के शुभारंभ पर हवन करके कार्यकर्ताओं ने जीत के लिए आहुति डाली और साथ ही इस मौके पर सफीदों विधानसभा के 72 गाँवों से उमड़े हुए जनसैलाब ने बचन सिंह आर्य को जीत का विश्वास दिलाया। कार्यालय उदघाटन पर कार्यकर्ता झूमते गाते हुए ढोल नगाड़ा, डीजे के साथ बीन की धुन पर थीरकते हुए दिखाई दिए। अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने कहा कि उन्हें बहुत ही अच्छा चुनाव चिन्ह मिला है यह ट्रक सफीदों में भय मुक्त राज लेके आएगा, और भ्रष्टाचार एवम गुंडाराज को सफीदो से बाहर भेजने का काम करेगा और साथ ही उन्होंने कहा कि इस ट्रक में ही 2005 वाले निर्दलीय चुनाव का निशान इंजन फिट है।

## बचन सिंह आर्य ने किया सनी देओल के ट्रक का ज़िक्र

यह वह ट्रक है जो गदर फिल्म में सनी देओल ने इसी ट्रक से पूरे पाकिस्तान को खामोश कर दिया था, उसी तरह यह ट्रक का चुनाव चिन्ह भी सफीदों में राजनीति के जो प्रतिद्वंदी बनते हैं उनको भी खामोश करके जनता की असली ताकत दिखाने का काम करेगा। बचन सिंह आर्य ने कहा कि सफीदों में तरह-तरह की अफवाहें फैलायी जाएगी, चुनाव में सभी अफवाहों से बचकर समर्थकों को जीत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाना है। इस बार फिर सभी समर्थक 2005 वाला इतिहास दोहराने का काम करें। ताकि सफीदों में युवाओं को रोजगार मिले, व्यापारियों को सुरक्षा व हल्के का विकास हो सके।

### जनता से बड़ी कोई पार्टी नहीं

बचन सिंह आर्य ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें किसी पार्टी ने नहीं, बल्कि जनता ने टिकट दी है। उन्होंने कहा कि जिन उम्मीदवारों को टिकट जनता देती है। उन उम्मीदवारों को किसी पार्टी से डरने की जरूरत नहीं होती है।

## बेरोजगारी और भय मुक्त सफीदों बनाना मेरी प्राथमिकता : आर्य

बचन सिंह आर्य ने कहा कि उन्होंने 2005 में सफीदों को एक आदर्श शहर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया था उनके कार्यकाल में व्यापारी बिना किसी भय के अपना कारोबार करते थे मगर आज के हालात बिलकुल बदल गए हैं। आज सफीदों में दिन दहाड़े चोरी,ठगी,गुंडागर्दी आम बात हो गई हैं। उन्होंने कहा कि ये मेरा आखिरी चुनाव है और मेरा प्रयत्न रहेगा कि फिर से सफीदों में अमन और चैन को स्थापित किया जाए और रोजगार के नए अवसरों को खोजा जाएँ। आज सिटी पार्क और पिल्लूखेड़ा मंडी चुनाव कार्यालय उदघाटन में हजारों की संख्या में मुहर्त में पहुंचे लोगो की वजह से आज मेरा हौंसला ओर भी ज्यादा बुलंद हुआ। आप अपना प्यार और आशीर्वाद सदैव यूँ ही बनाये रखना। आप सभी ने अगर इस बार साथ दिया तो इतिहास लिखने में नहीं छोड़ूँगा कोई कमी, विधायक बना तो सफीदों के व्यापारियों को सुरक्षित एवम् भय मुक्त माहौल देना रहेगी प्राथमिकता।

उन्होंने कहा कि अबकी बार का यह चुनाव सफीदों को उसका हक दिलाने व जनता को उसका मान सम्मान दिलाने में सक्षम साबित होगा। ये चुनाव व्यापारियों को सुरक्षित माहौल और युवाओं को रोजगार देने का काम करेगा, ये मेरा आखिरी चुनाव है जिसके पीछे मेरा मकसद सिर्फ. सफीदों की सूरत बदलने का है।



सफीदों शहर की पुरानी अनाज मंडी में व्यापारियों को संबोधित करते हुए निर्दलीय उम्मीदवार पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य

## खबर एक्सप्रेस

### जनसम्पर्क अभियान में रामकुमार कश्यप को दर्जनों गांव का मिला समर्थन

**इन्द्री।** इन्द्री से भाजपा प्रत्याशी रामकुमार कश्यप ने आज गांव जनेसरो, गढीगुजरान,



गोरगढ, खेडी मानसिंह, समौरा, बीबीपुर जाटान, कमालपुरा रोडान, नगला रोडान, मनोहरपुर, जोहड माजरा कलां, जोहड माजरा खुर्द एवं घिसरपडी में ग्रामीणों से जनसम्पर्क किया। इस दौरान रामकुमार कश्यप का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। रामकुमार कश्यप को ग्रामीणों का पूरा समर्थन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जितवाने का आश्वासन दिया। रामकुमार कश्यप ने ग्रामीणों से अपील की कि आने वाली 5 तारीख को कमल के निशान के सामने का बटन दबाकर उन्हें विजयी बनायें। उन्होंने कहा कि यह जीत उनकी नहीं, बल्कि जनता की जीत होगी। उन्होंने कहा कि विधायक के रुप में जितने कार्य उसने करवाये हैं, अब ओर अधिक तेज गति से यह विकास कार्य करवाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता किसी के बहकावे में नहीं आने वाली है और इस बार भी जनता सिर्फ भाजपा को ही अपना वोट देगी। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकास बडी तेजी के साथ हो रहा है। इतने कम समय में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में विकास करवाकर जनता में अपनी एक अमिट छाप छोडी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा विकास के नाम पर लोगों को बहकाया है, लेकिन अब जनता कांग्रेस के झूठे वायदों में फंसने वाली नहीं है। उन्होंने ग्रामीणो से अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने जनसम्पर्क अभियान में सभी ग्रामीणों एवं देवतुल्य कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर गांव जनेसरों से जगदीप सिंह सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच बचना राम, तेजपाल सिंह, महामंत्री राममूर्ति, पंच गुरमीत, करनैल सिंह, सौरण सिंह, रवि चौधरी, कश्मीर, रामरतन कश्यप, नरवैल सिंह राम प्रसाद, लख्खा सिंह, सुनहेरा राम, महिन्द्र सिंह सतनाम सिंह तथा गांव गढ़ीगुजरान से रामलाल प्रजापत, ईशम सिंह प्रजापत, अमरनाथ, बाबू राम, राजपाल, जयपाल, चन्द्रभान सरपंच, सुरेश मास्टर, ईशम जोगी, शमशेर सिंह चहल, गोविंद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सर्वसम्मति से एमबी फूड़स रंदौली के मालिक हरपाल मंढ़ाण को नया प्रधान चुन

**इंद्री।** इन्द्री राईस मिलर्स की एक मीटिंग अग्रसेन भवन में हुई जिसमें सर्वसम्मति से एमबी




फूड़स रंदौली के मालिक हरपाल मंढ़ाण को नया प्रधान चुन लिया है। हरपाल मंढ़ाण इससे पहले इन्द्री अनाज मंड़ी के भी प्रधान रह चूके है। गौरतलब है कि पिछले साल इन्द्री राईस मिलर्स की दो यूनियनें थी लेकिन अबकी बार सबने सर्व सहमति से मिलकर पहले की तरह एक ही यूनियन बना ली है। इस मौके पर दोनों यूनियनों के प्रधान भी मौजूद रहे। इस बारे में जानकारी देते हुए नवनियुक्त प्रधान हरपाल मंढ़ाण ने कहा कि सभी साथियों के सहयोग से मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसको मैं पूरी ईमानदारी के साथ निभाउगां ओर सब को साथ लेकर यूनियन के हक में काम करेगें। उन्होंने सभी राईस मिलर्स का इस नियुक्त के लिए आभार जताया ओर बताया कि शीघ्र ही वो अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर देगें। इस मौके पर पूर्व प्रधान बलबीर मंढ़ाण, पूर्व प्रधान संजीव गोयल, राजेश चहल, सतीश सरोहा, विनय गोयल, साहिल राव, मनोज ठक्कर, अनुज झ्रूषजंदल, अमित गोयल, अंकुर जिंदल, सलिन्द्र चहल, राजू मेहता, धीरज गोयल, नीरज गोयल, सचिन गोयल, पवन गोयल, प्रवीण गोयल, सुशील गोयल, रोशन गोयल, ढाठ सिंह, अशोक कुमार, संजय कुमार, विनोद गोयल, नसीब चौधरी, किरत पाल, सोनू कुकरेजा, मुवासी राम, मुकुल कांबोज, युगल गोयल, नीरज गोयल, अभिषेक गोयल, ओमपाल शर्मा, सोहन लाल शर्मा, विकास मंढ़ाण, राजिन्द्र कांबोज, शंटी कांबोज, देवेन्द्र कांबोज, आनंद जिंदल, शकुन जिंदल, सुदामा गर्ग व तेजपाल मंढ़ाण सहित कई अन्य मौजूद रहे।

### गर्मी एवं बरसात के मौसम में रखे साफ-सफाई का विशेष ध्यान: एसडीएम

**इन्द्री।** एसडीएम सुरेन्द्र पाल ने जनता का आह्वान किया है कि वे अपने घरों के आसपास व



घरों के अन्दर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि बढ़ती गर्मी के कारण मक्खी-मच्छर पनपते हैं जिन्हें रोकने के लिए घर व आसपास साफ सफाई का कार्य ही बेहतर कार्य बहुत जरूरी है। बरसात के दिनों में मच्छर के लार्वा अधिक पनपने के कारण उल्टी दस्त व हैजा जैसी बीमारियां फैलती है और मच्छरों से मलेरिया, डेंगू, जापानी व दिमागी बुखार तथा चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियां होती है। उन्होंने बताया कि मलेरिया व अन्य प्रकार के बुखार फैलाने वाले मच्छर रुके हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं, जबकि डेंगू बुखार की बीमारी फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पैदा होते हैं। अत: सभी व्यक्ति अपनी पानी की टंकियों को समय समय पर अच्छी तरह साफ करके पूरी तरह ढककर रखें। एसडीएम ने बताया कि डेंगू के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक अपने घरों में पानी की टंकी को साफ रखें। कूलर आदि में मच्छर न पनपने दें, इसके लिए नियमित रूप से सफाई करते रहें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार डेंगू का मच्छर दिन के समय में काटता और यह स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक- मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल नागरिक अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं। उन्होंने बताया कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर लगभग तीन किलोमीटर तक उडकर जा सकता है। डेंगू का मच्छर दिन के उजाले में काटता है, जबकि मलेरिया या अन्य बुखार फैलाने वाला मच्छर दिन व रात में काटता है। उन्होंने बताया कि मक्खी मच्छर को पनपने से रोकने के लिए एकमात्र उपाय केवल साफ-सफाई ही है। एसडीएम सुरेन्द्र पाल ने बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियों को शुरू से ही पनपने से रोकने के लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी है ताकि लोगों का स्वास्थ्य ठीक रह सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे हमेशा स्वच्छ पानी का सेवन करें, पानी को उबाल कर पिएं या क्लोरीन मिला पानी प्रयोग करें, खाना खाने से पहले व बाद में तथा शौच जाने के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोएं, पीने के पानी के स्रोतों के पास शौच न करें, सड़े, गले, कटे हुए व बासी खाद्य पदार्थों को न तो खरीदे तथा न ही प्रयोग में लाएं। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिए, सूती एवं ढीले कपड़ों का प्रयोग करें, गर्मी के स्ट्रोक या गर्मी से ऐंठन जैसे कि कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल चिकित्सक की सलाह ले और कोई भी व्यक्ति डॉक्टर की सलाह के बिना डेंगू की दवा ना ले क्योंकि यह व्यक्ति के जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

### मंदिर का टूटा ताला, पीतल की मूर्तियां चोरी

**जींद।** रोहतक रोड पर धर्मशाला तथा मंदिर का ताला तोड़ कर बीती रात चोरों ने पीतल की मूर्तियां समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रोहतक रोड धर्मशाला तथा मंदिर के पुजारी गुरूद्वारा कालोनी निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम को वह धर्मशाला तथा मंदिर मे ताला लगा कर घर चला आया। पीछे से चोरों ने धर्मशाला तथा मंदिर का ताला तोड़ कर एम्पलीफायर, इन्वर्टर, पीतल की मूर्ति, शेषनाग की मूर्ति, तांबा का कलश, पीतल की ज्योत, छत वाला पंखा समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का उस समय पता चला जब वह धर्मशाला में पहुचा। शहर थाना पुलिस ने पुजारी कृष्ण की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फर्जी दस्तावेजों पर 12 लाख का लोन लेकर डकारा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जींद।** फर्जी दस्तावेजों का सहारा ले आईसीआईसीआई बैंक से 12 लाख रुपये लोन ले राशि हडपने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने बैंक मैनेजर की शिकायत पर एक व्यक्ति को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आईसीआईसीआई बैंक के मैनेजर पवन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बैंक देशभर में वाहन तथा व्यक्तिगत लोन की सेवा देता है। गांव पेगां निवासी प्रवीण ने व्यक्तिगत लोन के लिए शाखा से संर्पक किया। विधिवत आवेदन भी कर दिया गया। जिसके साथ पेन कार्ड की कॉपी, आधार कार्ड कॉपी, सैलरी स्लीप, बैंक अकाउंट स्टेटमेंट कॉपी प्रस्तुत किए गए। 31 जनवरी 2023 को प्रवीण के खाते में 12 लाख रुपये की लोन राशि भेज दी गई। लोन की किश्त न भरने पर जब प्रवीण के दस्तावेज खंगाले गए तो सामने आया कि जो दस्तावेज प्रवीण ने प्रस्तुत किया थे, वे सब फर्जी थे। प्रवीण ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलीभगत की और फजीर्वाड़े को अंजाम देते हुए बैंक के साथ 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पवन कुमार की शिकायत पर प्रवीण कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चुनाव के इस पर्व में प्रदेश का गर्व बढ़ाने के लिए मताधिकार में भागीदार बनें फरीदाबाद : प्रणव सुरमा

**सवास्तिक न्यूज/ संवाददाता**

**फरीदाबाद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फरीदाबाद जिला में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं भागीदारी-स्वीप के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता की इस सार्थक मुहिम में जिला प्रशासन के सहयोगी के रूप में मंगलवार को पेरिस पैरा ओलंपियन में क्लब थ्रो से सिल्वर मेडल विजेता प्रणव सुरमा ने भी आमजन से लोकतंत्र के इस महापर्व में आहुति डालने के लिए प्रेरित किया। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में व स्वीप के नोडल अधिकारी एवं एडीसी डा.आनंद शर्मा की देखरेख में आमजन को विभिन्न जागरूकता गतिविधियों से आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पेरिस 2024 पैरालंपिक में पुरुषों के क्लब थ्रो से सिल्वर मेडल विजेता प्रणव सुरमा ने जागरूकता अपील के माध्यम से कहा कि मतदान करके हम लोकतंत्र के इस चुनावी पर्व में विधान सभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आगामी 05 अक्टूबर को हरियाणा में विधानसभा चुनाव है जिसमें सभी फरीदाबाद वासी सहित प्रदेश की जनता और अपने मत की शक्ति का सही उपयोग करते हुए वोट करें। उन्होंने विशेष तौर पर दिव्यांगजन से भी अपील की कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए सक्षम एप का उपयोग करें। यह मोबाइल एप दिव्यांगजनों की सुविधा को देखते हुए बनाया गया है जिसके माध्यम से दिव्यांगजन मतदान करते हुए अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आइए अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर चुनाव का पर्व प्रदेश के गर्व को आगे बढ़ाए।

### राजकीय विद्यालयों में जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्हेड़ा खुर्द, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारन और अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के छात्र-छात्राओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली। विद्यार्थियों ने आमजन से आह्वान किया कि विधानसभा चुनाव नजदीक है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपनी नैतिक जिक्वमेदारी निभाते हुए मतदान प्रक्रिया में अवश्य भागीदार बनना चाहिए। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मतदान के अधिकार के महत्व और इसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह किया।



## फरीदपुर में तिगांव के भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर को एकतरफा समर्थन

**सवास्तिक न्यूज/ संवाददाता**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर को गांव फरीदपुर में जोरदार समर्थन प्राप्त हुआ। जहां लोगों ने उन्हें एकतरफा सहयोग देने की बात कही। लोगों ने कहा कि नागर ने पिछले दस साल में पूरे क्षेत्र की सेवा की है जिसका धन्यवाद हम वोट देकर करेंगे। फरीदपुर पहुंचने पर राजेश नागर का पगड़ी पहनाकर और चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत हुआ।

नागर ने सभी सरदारी का आभार जताकर पांच अक्तूबर को वोट देने की अपील की। नागर ने कहा कि आज हरियाणा में हमारी सरकार बनते देखकर दूसरे दलों के नेताओं में भाजपा का दामन थामने की तेजी देखी जा रही है। हम आपके सहयोग से हरियाणा में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनाने जा रहे हैं लेकिन विपक्ष आपको झूठे और आईटी सेल के बनाई कहानियां पढ़ा रहा है।

सच्चाई यह है कि दस साल के भाजपा सरकार कार्यकाल में हरियाणा में करीब डेढ़ लाख नौकरियां लगाई गई हैं जो पिछली कांग्रेस सरकार के दस साल के कार्यकाल से करीब दोगुनी है। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि सभी नौकरियां बिना खर्ची बिना पर्ची के लगी हैं। जबकि पिछली सरकारों में नौकरियों की बोली लगती थी और नेताओं के चहेतों की नौकरियां लगती रही हैं। लेकिन हमारी भाजपा सरकार में यह रीत बदली है। आज प्रदेश के बच्चे योग्यता के आधार पर नौकरियां पा रहे हैं।

## दिव्यांगजन मतदाताओं का सहयोगी रहेगा ईसीआई सक्षम एप : जिला निर्वाचन अधिकारी

**सवास्तिक न्यूज/ संवाददाता**

फरीदाबाद। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हर वर्ग की हरियाणा विधानसभा आम चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सार्थक कदम उठाए हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है। यह मोबाइल एप दिव्यांगजनों की सुविधा को देखते हुए बनाया गया है जिसके माध्यम से दिव्यांगजन मतदान करते हुए अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग भी कर सकते हैं।

## रक्तदाताओं को वोट के महत्व के प्रति किया गया जागरूक

■ मुस्कान स्कूल में रक्तदान कैंप व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सवास्तिक न्यूज/ संवाददाता**

भट्टू कलां। जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसमें सरकारी विभागों सहित विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठन भी आगे आकर काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में खुशी नई उम्मीद सामाजिक संस्था द्वारा भट्टू मंडी के मुस्कान कान्वेंट स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रीन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आशु गोयल ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के प्राचार्य सतपाल यादव ने विशिष्ट अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्कान कान्वेंट स्कूल के निदेशक विजय गर्ग ने की।

रक्तदान शिविर व मतदाता जागरूकता समारोह में सभी को मतदान के महत्व के बारे में अवगत करवाते हुए उन्हें 5 अक्टूबर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

रक्तदाताओ को संबोधित करते हुए आशु गोयल ने कहा कि रक्तदान को सबसे बड़ा दान माना गया है जिसका कोई विकल्प नहीं है। यह एक जरूरतमंद के लिए नया जीवनदान देने का काम है इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मुस्कान कांवेंट स्कूल प्राचार्य एडवोकेट प्रीति गर्ग ने कहा कि महिलाओं को भी बिना झिझक, डर से ऊपर उठकर रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर में रक्त का सही संचार होता है।खुशी नई उम्मीद संस्था के अध्यक्ष




गोपाल बंसल ने कहा कि प्रशासन द्वारा चलाई गई मुहिम स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकतंत्र की यही पहचान - शत प्रतिशत हो मतदान, को इसके साथ जोड़ा गया है।

मतदान लोकतंत्र की मजबूत आधार है और इसकी ताकत है। प्राचार्य सतपाल यादव ने कहा कि 18 वर्ष आयु से ऊपर प्रत्येक स्वस्थ महिला व पुरुष रक्तदान कर सकता है। कैंप में सुनील डेलू, परमानंद गोरछिया, विजय जिंदल, नीरज, अंकित ढांड, पूजा ढाबी, राजबाला सोनी, राकेश गर्ग, अनिल सैन, सचिव नवीन बिंदल, कैशियर संदीप सुडा, डॉ. रामनिवास सोनू, संदीप टाक ढाबी, टोनी गोयल, दीपक गर्ग, मुकेश, बजरंग, सुशील, संदीप, ब्लड बैंक से नर्सिंग अधिकारी अनिता रानी एलटी मनोज, जीडीए तेजा राम, राजा राम सहित अन्य मौजूद रहे।

## एमएम कॉलेज में एनसीसी गर्ल्ज कैडेट्स ने पौधे रोपित कर लोगों को किया जागरूक

**सवास्तिक न्यूज/ संवाददाता**

फतेहाबाद। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निदेर्शानुसार मनोहर मैमोरियल कॉलेज में एनसीसी द्वारा ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज की एनसीसी गर्ल्ज कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैडेटस द्वारा न केवल कॉलेज प्रांगण में पौधे लगाकर अन्य विद्यार्थियों को पौधारोपण के लिए जागरूक किया वहीं शिवपुरी और अम्बेडकर चौक पर भी पौधे रोपित कर लोगों को पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम का हिस्सा बनने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी गर्ल्ज यूनिट इंचार्ज कैप्टन रजनी वर्मा द्वारा किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि हमें पौधों की देखभाल बच्चों की तरह तब तक करनी चाहिए जब तक वे बड़े न हो जाएं। बाद में जब वे बड़े होंगे तो आपकी देखभाल आपकी मां की तरह करेंगे। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया।इससे पूर्व कॉलेज में गर्ल्ज कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है। हमें पर्यावरण का दोहन करने से बचना होगा और दूसरों को भी वृक्ष लगाने और पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि जिस देश में, समाज में पेड़-पौधों को पूजने की प्रथा रही है, अब देश में उसी समाज में पेड़ कम हो रहे हैं। बदलते दौर के साथ लोगों का प्रकृति से रिश्ता टूटने लजगा है। जंगल खत्म हो रहे हैं। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम भी सुरक्षित रहेंगे।

## विज्ञान ज्योति कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में संभावनाओं की दिखाई दिशा

**सवास्तिक न्यूज/ संवाददाता**



फतेहाबाद। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के अंतर्गत प्रीति मलिक ने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में संभावनाओं की दिशा दिखाई और उन्हें प्रोत्साहित किया। कक्षा में डॉ. गजेंद्र यादव ने नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक तैयारी और रणनीति के बारे में बताया।

प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि आज बच्चों से रूबरू होने आई दोनों प्रतिभाएं जवाहर नवोदय विद्यालय से ही शिक्षित हैं और कार्यक्रम के उद्देश्य से परिचित करवाया। कार्यक्रम में उप प्रचार्या कुसुम गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, सतीश चंद, सुदेश कुमार व संदीप शर्मा मौजूद रहे।

## कर्मचारियों और आम जनता की अनदेखी भाजपा को पड़ेगी भारी : सुरेश राठी

**सवास्तिक न्यूज/ संवाददाता**

**फतेहाबाद।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा कन्वेंशन आज पटवार भवन फतेहाबाद में यूनिट प्रधान अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन यूनिट सचिव रामनिवास शर्मा ने किया। बैठक में विशेष तौर पर राज्य प्रधान सुरेश राठी व राज्य सचिव अजय वशिष्ठ ने भाग लिया और सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि भाजपा व जजपा ने पिछले कार्यकाल में कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया व वार्ता तक करना उचित नहीं समझा। अब विधानसभा चुनाव में कर्मचारियों व आम जनता के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। कन्वेंशन में आगामी कार्यक्रमों बारे सभी से सुझाव लेकर रणनीति तैयार की गई। सर्व कर्मचारी संघ के आंदोलन में यूनियन का एक-एक कर्मचारी बढ़ चढकर भाग लेगा।

राज्य प्रधान सुरेश राठी व राज्य सचिव अजय वशिष्ठ ने सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाली की बजाय यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को कर्मचारियों के साथ छलावा करार देते हुए कहा कि कर्मचारियों की एकमात्र मांग पुरानी पेंशन स्कीम है, इससे कम कुछ भी स्वीकार नहीं। यह यूपीएस स्कीम



एनपीएस स्कीम से भी ज्यादा खतरनाक है। यूनियन मोहल्ला, कॉलोनी व गांवों में कर्मचारी और जनता की मीटिंग कर सरकार की नीतियों का जनता पर पड? प्रभाव व जन सेवा के मुद्दों पर कन्वेंशन करवाकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील करेगी। आने वाली 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव में कर्मचारी, किसान, मजदूर, व्यापारी भाजपा की बातों में नहीं आएगा और सोच समझकर ही वोट करेगा।

# निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए आचार संहिता की पालना जरुरी : सामान्य पर्यवेक्षक

**सवास्तिक न्यूज/ संवाददाता**

**फतेहाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 15वें हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के मद्देनजर गठित एसएसटी, वीएसटी व एफएसटी टीम सहित अन्य नोडल अधिकारियों की टीम के सदस्यों की बैठक लेते हुए समान्य पर्यवेक्षक जगदीशा केजी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनदीप कौर ने विस्तार से जिला प्रशासन की ओर से की जा रही गतिविधियों से अवगत कराया।

इस अवसर पर खर्च पर्यवेक्षक सुधाकर शुक्ला, पुलिस पर्यवेक्षक एसआर हरिप्रसाद और पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने भी चुनाव बारे आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाना ही भारत निर्वाचन आयोग का लक्ष्य:

सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक जगदीशा केजी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाना ही भारत निर्वाचन आयोग का एकमात्र लक्ष्य है। विधानसभा चुनाव के दौरान ये सुनिश्चित होना चाहिए कि किसी मतदाता को प्रलोभन तो नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने की प्रक्रिया में नियुक्त अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि जिला में आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर इस संबंध में कोई शिकायत आती है तो उसका निपटारा तय समय अवधि में किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए लगाए जाने वाले पोस्टर और बैनर इत्यादि की पूर्व अनुमति अवश्य ली जानी चाहिए।

मतदान केंन्द्रों की वेबकास्टिंग की हो पुख्ता व्यवस्था : पर्यवेक्षक

पर्यवेक्षक ने कहा कि मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग की भी पुख्ता व्यवस्था हो। मतदान के संबंध में शिकायतों के निराकरण हेतु सी-विजिल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार हो। इसके साथ ही प्राप्त शिकायत का निराकरण 100 मिनट में करें। जिलों में अधिक से अधिक आदर्श मतदान केन्द्र बनाने के विशेष प्रयास किये जाएं। एसएसटी, वीएसटी व एफएसटी व अन्य टीम विधानसभा आम चुनाव के दौरान गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि एसएसटी टीम सभी नाके एक्टिव करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सबसे जरूरी है कि अपनी ड्यूटी भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप करें और ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना के लिए अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में कड़ी निगरानी करें।

पर्यवेक्षक ने निर्देश दिए कि एसएसटी, एफएसटी व वीएसटी से जुड़े सभी अधिकारी विधानसभा आम चुनाव-2024 की चुनावी प्रक्रिया के दौरान पुलिस विभाग की टीमों के साथ बेहतर तालमेल करके अपना कार्य करें। अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखें ताकि कोई भी व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न कर सके।पर्यवेक्षक जगदीशा केजी ने कहा कि फ्लाईंग स्क्वायड टीम द्वारा एप और कंट्रोल रूम के माध्यम से मिली सूचना और शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ताकि अवैध धन, शराब आदि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए उपयोग न हो। उन्होंने कहा कि छोटी गाडि?ों सहित बडी गाडि?ों की भी चेकिंग की जाए तथा चेकिंग के दौरान वीडियोग्राफी अवश्य की जाए। इसके अलावा वीडियो सर्विलांस टीम उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले चुनाव प्रचार प्रसार वीडियोग्राफी करना सुनिश्चित करें ताकि उम्मीदवारों के चुनाव खर्च में चुनाव प्रक्रिया के प्रचार प्रसार गतिविधियों को शामिल किया जा सके।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनदीप कौर ने पर्यवेक्षकों को बताया कि जिला में विधानसभा आम चुनाव को निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं व प्रबंध सहित सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। सभी टीम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही है। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे निगरानी हो रही है।अवैध धन, मदिरा, अन्य मादक पदार्थों व अवैध हथियारों सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी, अंडर ट्रेनी आईएएस आकाश शर्मा, एसडीएम एवं आरओ डॉ. जयवीर यादव, प्रतीक हुड्डा, डीएमसी संजय बिश्नोई, सीईओ सुरेश कुमार, सीटीएम कैप्टन परमेश सिंह, डीएसपी शमशेर सिंह, कुलवंत सिंह, जयपाल सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्याम लाल, अधीक्षण अभियंता ओपी बिश्नोई, कार्यकारी अभियंता देवेंद्र सिंह, डीआईओ रमेश शर्मा सहित चुनाव से जुड़े नोडल अधिकारी मौजूद रहे।



## जींद जिला की पांचो विधानसभा क्षेत्रों से 72 प्रत्याशी लडेंगे विधानसभा चुनाव

स्वासितक न्यज/विशाल

**जींद।** विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए जींद जिला के पांचो विधानसभा क्षेत्रों से अब 72 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरेंगे। जिला की पांचो विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए नामांकन कक्षों में नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन 13 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापिस ले लिए है, जिनमें उचाना विधानसभा से 5 उम्मीदवारों, सफीदों विधानसभा से 1 उम्मीदवार, नरवाना विधानसभा से 3 उम्मीदवारों और जींद विधानसभा से 4 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापिस लिए है। जबकि जुलाना से किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापिस नहीं लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सोमवार को निर्धारित समय तक चली प्रक्रिया में पांचो विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लडने वाले सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आंवटित कर दिए गए है। यह सारी प्रक्रिया चुनाव मैदान में खड़े प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में की गई। इस सारी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों व प्रत्याशियों के चुनावी एजेंटों से अपील करते हुए कहा कि वे भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता की ईमानदारी के साथ पालना करना सुनिश्चित करेंगे ताकि चुनावों को निष्पक्ष रुप से संपन्न करवाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सोमवार को जींद से चार उम्मीदवार कपूर सिंह, सविता कुंडू, अनीता देवी, जय प्रकाश रेढू, सफीदों से एक उम्मीदवार युवराज, नरवाना से तीन उम्मीदवार रणधीर सिंह, राम मेहर, पोहली, उचाना से पांच उम्मीदवार ज्योति प्रकाश, सिक्किम देवी, आजाद सिंह, रामपाल और सुख चैन ने अपना नामांकन वापिस लें लिया है। उन्होंने बताया चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों कों चुनाव आयोग की हिदायतानुसार चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिए गए है। जिनमें जींद विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के डॉ. कृष्ण लाल मिड्डा कों कमल, जेजेपी के धर्म पाल तंवर कों चाबी, इनैलो के नरेन्द्र नाथ शर्मा कों चश्मा, इंडियन नैशनल कांग्रेस के महावीर गुप्ता कों हाथ, आम आदमी पार्टी से वजीर ढांडा कों झाड़ू, निर्दलीय उमीदवार मे अंकित कुमार कों बल्ला, प्रदीप सिंह कों गन्ना किसान, राम प्रकाश तायल कों एअर कंडीशनर आदि है।

# जीवन में संस्कारों का बहुत महत्व है: रासबिहारी

## कहा: वक्फ बोर्ड भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा

स्वासितक न्यज/विशाल

सफीदों: उपमंडल के गांव ढाठरथ के बालिका संस्कृत विद्यापीठ में एक दिवसीय हिंदू संस्कार शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यवक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रिय सह मंत्री रासबिहारी ने शिरकत की। वहीं विहिप के जिला मंत्री प्रमोद गौत्तम विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मातृशक्ति पिल्लूखेड़ा प्रखंड अध्यक्षा डा. सुमन शर्मा ने की। अपने संबोधन में विहिप केंद्रिय सह मंत्री रासबिहारी ने कहा कि जीवन में संस्कारों का बहुत महत्व है।

सुबह उठकर हस्त दर्शन, धरती माता व बड़े-बुजुर्गों को प्रणाम करना चाहिए। इसके अलावा बच्चों को स्वाध्याय पर पूरा जोर देना चाहिए। बच्चों को जो अच्छे संस्कार दिए जाते हैं, वे उसके जीवन में हरदम काम आते हैं।



कार्यक्रम में मौजूद विहिप के केंद्रिय सह मंत्री रासबिहारी व अन्य।

अगर बच्चों को अच्छे संस्कार ना दिए जाएं तो बच्चा बड़ा होकर गलत मार्ग पर चल पड़ता है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मां-बाप को बचपन से ही बच्चों को प्रतिदिन देव दर्शन व बड़ों के प्रति आदर भाव, जैसे संस्कार देने चाहिए। धन-दौलत का बंटवारा हो सकता है लेकिन व्यक्ति के संस्कारों को कोई नहीं बांट सकता है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा है। वक्फ बोर्ड एक ऐसा संस्थान बन गया है जो देश में सामाजिक सद्भाव को प्रभावित कर रहा है।


वक्फ बोर्ड का संचालन संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है और यह धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देता है। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता की कमी है और यह असमानता को बढ़ाता है। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाएं और इसे समाप्त किया जाए। इस तरह के कानून का कोई स्थान नहीं होना चाहिए, जो केवल एक धार्मिक समुदाय को विशेष अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि केवल उसी दल को अपना वोट दें जो देश, समाज और धर्म की रक्षा करें।

# चुनाव के दौरान गांव में शराब बांटी तो होगा विरोध, मुआना गांव के सरपंच ने उम्मीदवारों को लिखा पत्र

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

सफीदों : उपमंडल के सबसे बड़े गांव मुआना के सरपंच श्यामलाल शर्मा ने चुनाव में उतरे उम्मीदवारों के नाम पत्र लिखकर गांव में शराब ना बांटने का अनुरोध किया है।





ग्राम पंचायत मुआना

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी ने शराब बांटने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पत्र में सरपंच श्यामलाल ने उम्मीदवारों से कहा कि वे जनता से वोट प्राप्त करने हेतु उनको फल, खाना व मिठाईयां इत्यादि खिलाएं नाकि दारू पिलाएं क्योंकि नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। शराब के सेवन से किसी का पिता, किसी का बेटा, किसी का भाई व किसी का पति मरेगा। जिस कारण से उनको बद्दुआएं लगेंगी। इसलिए वह चौधर किस काम की है। अगर उनके पास पैसा अधिक है तो वे हर गांव में गरीब परिवारों के मकान बनवाओं, स्कूल खुलवाओ ताकि गरीबों का उद्धार हो सके। उन्हे यह भी पता है कि उम्मीदवार ऐसा करने से बाज आने वाले नहीं हैं। अगर उनके गांव में किसी भी कैंडिडेट ने दारू इत्यादि बांटने की कोशिश की तो उसका विरोध किया जाएगा, चाहे वह किसी भी पार्टी का क्यों ना हो। इसके अलावा वे कानूनी कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने हरियाणा के सरपंचों से भी आह्वान किया है कि वे भी सभी पंचायते यह प्रस्ताव को पास करें। हमारे संवाददाता से बातचीत में सरपंच श्यामलाल शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत ने बैठक करके गांव के लोगों के उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य को देखते हुए यह कदम उठाया है। पिछले विधानसभा चुनावों में भी शराब के अधिक सेवन से कई लोगों की तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। उन्होंने व्हाट्सएप के माध्यक से सफीदों विधानसभा के सभी उम्मीदवारों के पास यह पत्र भेज दिया है। चुनाव में गांव में शराब को बंटने से रोकने के लिए गांव में पहरे भी लगाए जाएंगे तथा हरसंभव कार्रवाई की जाएगी।

# कार व ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में दो श्रद्धालुओं की मौत, तीन घायल

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

सफीदों: नगर के जींद रोड़ पर गांव रत्ताखेड़ा मोड़ के पास मंगलवार को एक कार व ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर हो गई। इस घटना में कार में सवार 2 श्रद्धालुओं की मौत व एक बच्चे सहित 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार सभी श्रद्धालु गोगामेडी से सफीदों के मकबरा पीर पर दर्शनों के लिए आ रहे थे। राहगीरों ने घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां पर डाक्टरों ने 2 को मृत्तक घोषित कर दिया, जबकि एक बच्चे सहित 3 अन्य घायलों की गंभीरावस्था को देखते हुए उन्हे पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया। मृत्तकों में से एक व्यक्ति की पहचान भाग सिंह (35) के रूप में हुई है। जबकि एक अन्य मृत्तक महिला व 3 घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार नालागढ़ (हिमाचल) के एक परिवार के 5 लोग कार में सवार होकर गोगामेड़ी बागड़ तीर्थयात्रा पर गए थे। वे



नागरिक अस्पताल में जुटे श्रद्धालुगण।

गोगामेड़ी से दर्शन करके सफीदों के मकबरा पीर पर दर्शनों के लिए आ रहे थे कि सफीदों के नजदीक गांव रत्ताखेड़ा के पास उनकी कार की टक्कर लोहे के सरियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ हो गई। टक्कर लगते ही कार में सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर काफी तादा में लोग व राहगीर एकत्रित हो गए। सभी घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां पर डाक्टरों ने भाग सिंह सहित एक अन्य महिला को मृत्त घोषित कर दिया और 3 अन्य घायलों को गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया।

## एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली जागरूकता रैली

### विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

**जींद।** स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त जींद विवेक आर्य के मार्गदर्शन में मंगलवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस जागरूकता रैली को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और विद्यार्थियों को 5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों द्वारा सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो श्लोगन लिखी तख्ती हाथों में लेकर दिया शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया।



विश्विद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. रणपाल सिंह द्वारा मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए विधानसभा चुनाव में मतदान जरूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि हर मतदाता वोट जरूर डाले। उन्होंने कहा कि जैसा उत्साह और अनुशासन आज दिख रहा है, ऐसा ही मतदान के दिन भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्लोग्न, प्रभात फैरी, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अनेक गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने आस- पड़ौस व आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करें ताकि लोकतंत्र को और अधिक मजबूत किया जा सके।

# रायचंदवाला गांव के स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

**जींद।** भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी विवेक आर्य के मार्ग दर्शन में गांव रायचंद वाला के स्कूल की प्रधानाचार्य अनीता श्योराण के नेतृत्व में सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली गई । इस अवसर पर स्कूल के मुख्य शिक्षक जगमेंद्र, अध्यापक व बीएलओ राजेश भेंट,विनोद कुमार, सुरेश, संदीप, किरण मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अनीता श्योराण ने मंगलवार को स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी के दौरान विद्यार्थी मतदान में हर मतदाता की भागीदारी जरूरी, नामक तख्ती पर लिखे स्लोगन हाथ में लिए हुए थे, जो मतदाताओं का मतदान के लिए प्रेरित कर रहे थे। श्रीमती श्यौराण ने मतदाताओं से आह्वान किया कि 5 अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा के चुनाव होने है, प्रजातंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए और यह तभी सम्भव है जब हम शत प्रतिशत वोट डालकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें विश्व के सबसे बडे. लोकतांत्रिक देश की उन्नति के लिए बिना भय,लोभ, लालच के अपने मत का प्रयोग कर देश की प्रगति के लिए अपनी भूमिका निभानी चाहिए।



### स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित करवाई जा रही अनेक गतिविधियां

# मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकरी: सुनीता नैन

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

**उचाना।** स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त जींद विवेक आर्य के मार्गदर्शन में मंगलवार को गांव मंगलपूर व बड़ौदा के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई, इस रैली की अगुवाई उचाना विधानसभा क्षेत्र से स्वीप कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुनीता नैन ने की। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा श्लोग्न के माध्यम से छोड़ों अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान लिखकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।
रैली के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदाता जागरूकता अभियान का संदेश पहुंचाया जा रहा है। साथ ही उसके



माध्यम से मतदाताओं को जोड़ते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता रैली के तहत ग्रामीण मतदाताओं को मत के महत्व बताने के साथ-साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी किया गया। साथ ही मतदाताओं से आग्रह किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए मजबूत लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी।
उचाना विधानसभा क्षेत्र से स्वीप कार्यक्रम अधिकारी सुनीता नैन ने कहा कि मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकार है। इसका प्रयोग बहुत सोच समझ कर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस लोकतंत्र में व्यक्ति का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मत देने का अधिकार है।
लोगों को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए क्षेत्र में स्वीप के तहत अनूठे प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत प्रभात फेरी, रैली, स्कूलों में निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, पोस्टर, बैनर, चुनाव पाठशाला से लेकर हर संभव माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यमों से अंतिम मतदाता तक प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# चुनाव लोकतंत्र का पवित्र पर्व, जिसमें हर नागरिक की होती है सार्थक भागीदारी

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

### सभी नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें

उचाना। उचाना विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त जींद विवेक आर्य ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी नागरिकों को चुनाव आचार संहिता की पालना करना जरूरी है। ऐसे में चुनाव में होने वाले प्रत्याशी या अन्य कोई भी व्यक्ति प्रचार-प्रसार में एक-दूसरे पर जाति, धर्म, संप्रदाय या व्यक्तिगत टिप्पणी ना करें। यदि कोई ऐसा करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य ने कहा है कि चुनाव लोकतंत्र का एक पवित्र पर्व है, जिसमें हर नागरिक की सार्थक भागीदारी होती है। 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले हर नागरिक को वोट डालने का समान रूप से अधिकार है। चुनाव में एक-एक वोट कीमती है। उन्होंने कहा कि जिस नागरिक का वोट बन चुका है, वे चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अपने विवेक से करें। नागरिक अपने वोट का महत्व समझें। वोट देने के लिए किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आएं। उन्होंने कहा कि उचाना विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाना है। ऐसे में जरूरी है कि नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी व्यक्ति-प्रत्याशी अशोभनीय टिप्पणी या भाषा का प्रयोग ना करें। इसके अलावा वोट हासिल करने के लिए जाति, धर्म, भाषा और संप्रदाय से संबंधित टिप्पणी न करें। ऐसा करना आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने उचाना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे क्षेत्र में चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में प्रशासन का सहयोग करें और लोकतंत्र के इस पवित्र पर्व में भागीदार बने।

**प्रिंट लाईन:**- स्वास्तिक न्यूजपेपर के लिए मालिक मुद्रक एवं प्रकाशक विनय दीवान बी.डी. कॉर्प प्रिंटिंग प्रेस प्लाट नंबर 42-43, सेक्टर-29, पानीपत -132103 से मुद्रित तथा स्वास्तिक न्यूज कार्यालय कांगड़ा मोहल्ला मेन बाजार, वार्ड -8 सफीदों शहर, पिन कोड -126112 हरियाणा से जारी। संपादक एवं मुख्य संवाददाता विनय दीवान। मोबाइल नंबर 94160 73460 । समाचार से संबंधित सभी विवादों का कार्य क्षेत्र शिफ्ट सफीदों अदालत होगा । RNI Reg No. HARHIN/11380 Email: swastiknewssafidon@gmail.com

## जुलाना से नाबालिग लड़के समेत विवाहिता लापता

जीदं। बेटी ने फोन कर पिता को किया सूचित, मामले की जांच में जुटी पुलिस हरियाणा के जींद जिले के जुलाना क्षेत्र के हथवाला गांव से एक विवाहिता अपने 12 वर्षीय लड़के सहित लापता हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हथवाला गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी। शिकायत में बताया कि सोमवार को उसकी पत्नी अपने 12 साल के बेटे के साथ घर से लापता हो गई। उसके पास उसकी बेटी का फोन आया कि अभी तक उसकी मां और भाई घर नही लौटें, तो उसने अपनी रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन कोई भी सुराग नही लगा। पुलिस ने ?शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मंदिर का टूटा ताला, पीतल की मूर्तियां चोरी

स्वास्तिक न्यूज विनय दिवान

जींद। रोहतक रोड पर धर्मशाला तथा मंदिर का ताला तोड़ कर बीती रात चोरों ने पीतल की मूर्तियां समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोहतक रोड धर्मशाला तथा मंदिर के पुजारी गुरूद्वारा कालोनी निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम को वह धर्मशाला तथा मंदिर मे ताला लगा कर घर चला आया। पीछे से चोरों ने धर्मशाला तथा मंदिर का ताला तोड़ कर एम्पलीफायर, इन्वर्टर, पीतल की मूर्ति, शेषनाग की मूर्ति, तांबा का कलश, पीतल की ज्योत, छत वाला पंखा समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का उस समय पता चला जब वह धर्मशाला में पहुचा।

# बंद मकान में मिले महिला व बच्ची के गले-सड़े शव

■ चुन्नी से गला दबा की गई थी हत्या ■ पति फरार डीएसपी ने मौके पर पहुंच लिया स्थिति का जायजा, फोरेंसिक टीम ने साक्ष्यों को जुटाया

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान




वह मकान जहां से शव बरामद हुए व जानकारी देते हुए मामले की आईओ संजय कुमार।

**जींद।** सफीदों स्थित वार्ड नंबर दो स्थित कालोनी में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बंद पड़े मकान के बाथरूम में महिला व एक बच्चे के गले-सड़े शव बरामद हुए। मामले की सूचना मकान मालिक द्वारा सिटी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर डीएसपी उमेद सिंह व सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का मुआयना करके मकान के अंदर बने बाथरूम का दरवाजा खोला तो वहां से दुर्गंध आई। बाथरूम में एक महिला व बच्चे के शव बरामद हुए। शव एक प्रकार से कंकाल के रूप में पड़े हुए थे। महिला की उम्र करीब 28 वर्ष व बच्चे की उम्र पांच वर्ष आंकी जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने मौके पर जाकर साक्ष्य एकत्रित किए। एफएसएल टीम को मौके पर जांच में पाया कि इनमें एक कंकाल स्त्री का है, जिसके गले में चुन्नी है और जिसकी चुन्नी से गला दबाकर हत्या की गई है तथा दूसरा कंकाल एक बच्चे का है। वार्ड दो निवासी सुनील उर्फ मोनू ने बताया कि उसके चचेरे भाई दीपक ने सरला कॉलेज के पास वार्ड नंबर दो में करीब 7 साल पहले एक मकान बनाया था। जो उसकी भाभी राधा रानी के नाम है। उसका भाई खेतीबाड़ी में व्यस्त रहने के कारण इस मकान की देखरेख वह करता है। उसके पास 10-11 अगस्त को रोहतक निवासी मनदीप मलिक उर्फ सोनू अपनी पत्नी व एक लड़की (5) के साथ बाइक लेकर आया और किराये के लिए मकान पूछा और बताया कि वह टाइल पत्थर लगाने का काम करता है। जिस पर उसे किराये के लिए मकान दे दिया गया। गत 14 अगस्त को मनदीप का फोन आया और उसने बताया कि वह अपना आधार कार्ड व अन्य कागजात लेने के लिए रोहतक जा रहा है और वह मोबाइल नंबर पर 500 रुपये गूगल पे पर डालने के लिए कहा। उसने कहा कि वह वापस आकर उसको किराया और पैसे दे देगा। उसने अपने चचेरे भाई सोनू के मोबाइल नंबर से मनदीप मलिक को 500 रुपये गूगल-पे से भिजवा दिए। उसी दिन वह शाम को अपने मकान को संभालने के लिए आया तो मकान के मेन गेट पर ताला लगा हुआ मिला। सप्ताह बीत जाने के बाद भी जब वह नहीं आए तो उसने मनदीप के पास फोन मिलाया तो उसका फोन बंद आया। एक-दो पड़ोसियों ने उससे कहा कि इनका झगडा होता रहता है। सोमवार को जब घर खुला तो उसमें तेज गंध आई। जिस पर वह बाथरूम देखने गया तो अंदर कपड़ों के नीचे एक महिला और उसके बच्चे का कंकाल छिपाया हुआ था। जिसकी जानकारी पार्षद दीपक तथा पुलिस को दी। उसने आशंका जताई कि किरायेदार मनदीप मलिक ने अपनी कथित पत्नी व बच्ची की निर्मम तरीके से हत्या करके सबूत छिपाने के लिए दोनों के शव को कपड़ों में लपेट कर नीचे ग्राउंड फलोर वाले बाथरूम में छिपा दिया था। पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मकान के बाथरूम के अंदर से दो गली सड़ी शव बरामद किए हैं। दोनों के शव पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिए है। फिलहाल मकान मालिक के ब्यान पर हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

# कांग्रेस के आरक्षण खत्म करने के मंसूबे नहीं होने देंगे कामयाब : अमित शाह

स्वास्तिक न्यूज/ संवाददाता




**लोहारू।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कश्मीर में फिर से आतंकवाद लाना चाहती है तथा धारा 370 को समाप्त करना चाहती है जो भाजपा कभी नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना चुनाव देश हित के मुद्दों की बजाय आतंकवादियों को छोड़ने तथा प्रतिबंधित संगठनों से प्रतिबंध हटाने के मुद्दे पर लड़ रही है। गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को लोहारू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जेपी दलाल के पक्ष में बहल में आयोजित जन आशीर्वाद रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी आरक्षण खत्म करना चाहते है लेकिन जब तक भाजपा की सरकार है आरक्षण को छूने भी नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार के दौरान चार फसलों पर एमएसपी मिलता था लेकिन भाजपा की नायब सरकार ने 24 फसलों पर एमएसपी देने का काम किया है। अग्निवीर को हरियाणा प्रदेश में राज्य सरकार आरक्षण देकर उनकी नौरी सुनिश्चित कर रही है। अमित शाह ने हरियाणा प्रदेश को अनाज पैदा करने वाला व धाकड़ खिलाडि?ों की धरती बताया। उन्होंने राज्य सरकार की नायब सैनी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जमकर सराहना की। उन्होंने रैली में उपस्थित जनसमूह से प्रदेश में एक बार फिर से कमल खिलाने तथा लोहारू से भाजपा प्रत्याशी जेपी दलाल की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने लोहारू में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में अपने संबोधन से पूर्व क्षेत्र के लोगों की अगाध आस्था के केंद्र कुल देवी पहाड़ी माता की जयकार लगाई तथा बाद में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल को नमन कर उनके समर्थकों को साधा। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र चौ. बंसीलाल की कर्मभूमि रहा है, ऐसे महान व्यक्तित्व को वे नमन करते है।

### जेपी दलाल को जीताकर भेजो, पहले से बड़ा मै बना दूंगा

गृह मंत्री अमित शाह ने रैली में उमड़े अपार जनसमूह से गदगद होकर कहा कि जेपी दलाल को एक बार फिर से जीताकर चंडीगढ़ भेज दो, पहले कृषि मंत्री व वित्त मंत्री बनाया अबकि बार उससे भी बड़ा बना दूंगा। इसके साथ ही पूरा पांडाल तालियों की गडगड़ाहट व जेपी दलाल के नारों से गूंज उठा। भीड़ ने दोनों हाथ उठाकर

### रामबिलास शर्मा ने जेपी दलाल को पहनाया विजय पटका

जन आशीर्वाद रैली में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने लोहारू से भाजपा प्रत्याशी जेपी दलाल द्वारा लोहारू में करवाए गए विकास कार्यो की सराहना की तथा कहा कि जेपी दलाल ने लोहारू का नक्शा ही पलट दिया है जिस कारण इस क्षेत्र का पिछड़ापन का दाग धुल गया है। उन्होंने जेपी दलाल को जीत के लिए विजय पटका पहनाकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद जेपी दलाल ने रामबिलास शर्मा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया तथा कहा कि रामबिलास शर्मा के मान व सम्मान को वे कायम रखेंगे तथा उनके सम्मान को आंच नहीं आने देंगे।

## कन्या स्कूल की गाइड विंग ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



स्वास्तिक न्यूज/अनु शर्मा

सफीदों : हरियाणा स्काउट एंड गाइड के तत्वाधान में नगर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बलजीत सिंह लांबा ने की। कार्यक्रम का संयोजन गाइड विंग की ग्रुप लीडर डा. हेमलता ने किया। प्राचार्या बलजीत लांबा ने भारत स्काउट एंड गाइड, एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली नगर के प्रमुख बाजारों, चौकों व मौहल्लों से होकर निकली और लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। गाइड विंग की ग्रुप लीडर डा. हेमलता ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान और विद्यार्थियों के जीवन में स्काउट एण्ड गाइड का विशेष महत्व है। स्काउट एण्ड गाइडिंग से विद्यार्थियों के अंदर विषम परिस्थितियों से आसानी से निकलने का गुण विकसित होता है।

प्राचार्य बलजीत लांबा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए लोगों को शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए।

देश के नागरिक होने के नाते मतदान हमारा अधिकार है। इसलिए किसी को बिना प्रलोभन के स्वेच्छा से सोच-विचार करके योग्य व्यक्ति के पक्ष में मतदान करना चाहिए। किसी भी सरकार के निर्माण में मतदाताओं की मुख्य भूमिका होती है। इस अवसर पर एनसीसी इंचार्ज मेघा सैनी, एनएसएस इंचार्ज गीता देवी, सुमन रानी, सुनीता, संजय मलिक व अशोक कुमार मौजूद थे।

# कॉलेज स्तरीय कबड्डी टूनार्मेंट संपन्न



विजेता खिलाड़ियों के साथ कालेज स्टाफ।

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

सफीदों : विशाल राजकीय महाविद्यालय सफीदों में कॉलेज स्तरीय कबड्डी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता उप प्राचार्य डा. प्रदीप शर्मा व संयोजन प्रो. रीनू देवी ने किया। प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। छात्रों की टीम से जसबीर, अमर, अंशुल, दिव्यांशु, प्रांजल, विकास, वीरेंद्र, विशाल, परीक्षित, रमन, मोहित, आशु, पलविंद्र व मोहित तथा छात्राओं की टीम से शीतल, हैप्पी, खुशी, करिश्मा, मोनिया, यवनप्रीत, प्रिया, राजकौर, अन्नू, सोनिया, मनीषा व माफी प्रथम रहे। अपने संबोधन में उप प्राचार्य डा. प्रदीप शर्मा ने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और उनमें सहयोग की भावना पनपती है। बच्चों को खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विनय, कमल, कोच प्रमोद फौजी, डा. अनिल शर्मा, योगेंद्र, संदीप सिंह, डा. सुनील देवी, भावना, प्रदीप मान, कीर्ति देवी, डा. मंजीत कौर व ज्योति देवी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निजी क्लीनिक पर मारी रेड




क्लीनिक पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम व दवाईयों की जांच करते हुए डा. प्रतीक गौरा व अन्य।

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

सफीदोंः नगर की पुरानी चुंगी स्थित एक निजी क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को रेड़ की। इस टीम में कार्यकारी एसएमओ डा. प्रतीक गौरा, डा. विकास रेढू, हैल्थ इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह, आईए रविंद्र कुमार व स्वास्थ्य कर्मचारी अमित रंगा शामिल रहे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर व्यापक पुलिस बल तैनात रहा। टीम ने क्लीनिक में रखी दवाईयों व रिकार्ड को खंगाला। जांच-पड़ताल के बाद टीम ने वहां रखी दवाईयों को जब्त कर लिया तथा क्लीनिक को बाहर से सील कर दिया। टीम का नेतृत्व कर रहे कार्यकारी एसएमओ डा. प्रतीक गौरा ने बताया कि सिविल सर्जन के आदेशानुसार इस क्लीनिक की जांच की गई थी। क्लीनिक से दवाईयों व डिग्री को जांच के लिए ले लिया गया है। जांच के उपरांत आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं क्लीनिक के संचालक डा. सुभाष थरेजा ने कहा कि वे पिछले 35 सालों से क्लीनिक चला रहे है। स्वास्थ्य विभाग की टीम एकदम से पहुंची और बिना कुछ बताए जांच शुरू कर दी। जांच में उनके क्लीनिक से कोई एमपीटी कीट या कोई नशीली दवाईयां नहीं मिली हैं। जो दवाईयां वे साथ लेकर गए उसका कोई रिकार्ड उनको नहीं दिया गया है और ना ही किसी कागज पर उनके साईन करवाए हैं। टीम ने उनसे रजिस्ट्रेशन मांगा था जोकि उसने उनको दे दिया है। उन्हे तो ऐसा लगता है कि किसी राजनीतिक स्टंट के तहत उनके साथ साथ ऐसा किया गया है।

### दिल्ली पुलिस में नौकरी का झांसा देकर की ठगी

जींद। दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवाने का झांसा देकर साढ़े छह लाख हडपने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव कलौदा कलां निवासी सौरभ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव की ही रोशनी तांत्रिक का काम करती है। अक्टूबर 2022 में रोशनी उनके घर पर आई और कहा कि उसका बेटा लीलू तथा उसके साथ जानी तथा प्रवीण सरकारी नौकरी लगवाने का काम करते हैं। दिल्ली पुलिस में नौकरी के नाम पर आरोपितों ने 12 लाख रुपये की डिमांड की। दो लाख रुपये पेपर से पहले देने को कहा। वे लीलू से मिलने दिल्ली पहुंचे। वहां उसने जानी तथा प्रवीण से मिलवाया। दो लाख रुपये की राशि लीलू को दे दी गई। छह महीने तक जानी तथा प्रवीण ने उसकी तैयारी करवाई। जिसके बाद आरोपितों ने उससे साढ़े चार लाख रुपये और ले लिए। जब दिल्ली पुलिस को परिणाम आया तो उसका नाम नही था। जिस पर आरोपितों ने वेटिंग में नाम डलवा काम करवाने की बात कही। बावजूद इसके उसका काम दिल्ली पुलिस में नही हुआ। आरोपित शुरू में रुपये देने की बात कहते रहे। आखिरकार उन्होंने रुपये देने से इंकार कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

## फर्जी दस्तावेजों पर 12 लाख का लोन लेकर डकारा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बैंक मैनेजर की शिकायत पर एक को नामजद कर कुछ अन्य पर दर्ज किया मामला**

स्वास्ति न्यूज/अभिषेक दिवान





जींद। फर्जी दस्तावेजों का सहारा ले आईसीआईसीआई बैंक से 12 लाख रुपये लोन ले राशि हडपने का मामला सामने आया है।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने बैंक मैनेजर की शिकायत पर एक व्यक्ति को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आईसीआईसीआई बैंक के मैनेजर पवन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बैंक देशभर में वाहन तथा व्यक्तिगत लोन की सेवा देता है। गांव पेगां निवासी प्रवीण ने व्यक्तिगत लोन के लिए शाखा से संर्पक किया। विधिवत आवेदन भी कर दिया गया। जिसके साथ पेन कार्ड की कॉपी, आधार कार्ड कॉपी, सैलरी स्लीप, बैंक अकाउंट स्टेटमेंट कॉपी प्रस्तुत किए गए। 31 जनवरी 2023 को प्रवीण के खाते में 12 लाख रुपये की लोन राशि भेज दी गई। लोन की किश्त न भरने पर जब प्रवीण के दस्तावेज खंगाले गए तो सामने आया कि जो दस्तावेज प्रवीण ने प्रस्तुत किया थे, वे सब फर्जी थे। प्रवीण ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलीभगत की और फर्जीवाड़े को अंजाम देते हुए बैंक के साथ 12 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पवन कुमार की शिकायत पर प्रवीण कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्कूल चौकीदार के साथ मारपीट कर इन्वर्टर तथा बैटरी ले गए कार सवार

स्वास्ति न्यूज/अभिषेक दिवान



जींद। गांव तलौडा सरकारी स्कूल में बीती रात चेहरा ढांपे कार सवार युवकों ने चौकीदार के साथ मारपीट कर इन्वर्टर, बैटरी चोरी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने स्कूल चौकीदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव तलौडा सरकारी स्कूल के चौकीदार दलशेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह स्कूल के कमरे में लेटा हुआ था। देर रात को चेहरा ढांपे दो युवक कमरे का दरवाजा खोल कर अंदर आ गए। आरोपितों ने कपड़े से उसका मुंह ढांप दिया। जिसके बाद उसे बाहर बाथरूम की तरफ ले गए। जहां पर दो और युवक थे। चारों युवकों ने उसके साथ मारपीट की और धक्का दे गिरा कर बाहर खड़ी गाड़ी से फरार हो गए। घटना की सूचना देने पर जब ग्रामीण स्कूल में पहुंचे तो इन्वर्टर तथा बैटरियां गायब थी। सदर थाना पुलिस ने चौकीदार दलशेर की शिकायत पर चोरी करने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पौलेंड भेजने का झांसा देकर लगाया चार लाख रुपये का चूना

स्वास्तिक न्यूज/ अभिषेक दिवान

जींद। पौलेंड में वर्क वीजा पर भेज कर होटल में नौकरी दिलाने का झांसा देकर चार लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव धरौदी निवासी रिंकू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव की भांजी सुषमा से काफी समय से जान-पहचान है। सुषमा ने बताया कि वह अपने पति राजेश के साथ युवाओं को विदेश भेजने का काम करती है। उन्होंने पौलेंड में अच्छे पैकेज पर योग्यता के आधार पर होटल में नौकरी दिलाने की बात कही। जिसकी एवज में उन्होंने सात लाख रुपये की डिमांड की। जिसमें साढ़े तीन लाख रुपये पहले देने बकाया राशि बाद मे देने के लिए कहा। साथ ही आरोपितों ने डेढ़ माह मे पौलेंड भेजने का आश्वासन दिया। सुषमा की बातों में आकर उसने हामी भर दी और दस्तावेजों के साथ चार लाख रुपये भी दे दिए। दस्तावेजों की जांच के बाद उसका वर्क वीजा जल्द लगने की बात कही। एक माह बीत जाने के बाद भी उसका वीजा नही लगा। जब उसने पूछा तो बताया गया कि उसका वीजा नही लग सकता। शुरू में तो राशि जल्द देने की बात कही। बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया। जब उसने व्यक्तिगत तौर पर दबाव डाला तो आरोपितों ने उसे धमकी देनी शुरू कर दी। .सदर